# माधव कौशिक साहित्य अकादमी के अध्यक्ष बने

## नियुक्ति

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** रवींद्र भवन में शनिवार को आयोजित साहित्य अकादमी की कार्यकारिणी चुनाव में हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार और साहित्य अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष माधव कौशिक को अध्यक्ष चुना गया, जबकि डीयू में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.कुमुद शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया।

साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के श्रीनिवासराव ने चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि चुनाव के दौरान सभी 99 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के चुनाव में माधव कौशिक के पक्ष में 60 लोगों ने मतदान किया, जबकि कन्नड़ साहित्यकार मल्लपुरम वेंकटेश को 35 मत मिले और मराठी साहित्यकार रंगनाथ पठारे को केवल तीन मत प्राप्त हुए। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए प्रो. कुमुद शर्मा को 50 और सी. राधाकृष्णन को 49 मत प्राप्त हुए। कुमुद शर्मा को कड़े मुकाबले में एक वोट से जीत मिली है। उन्होंने बताया कि ऐसा पहली बार है जब साहित्य अकादमी में किसी महिला को अकादमी का उपाध्यक्ष चुना गया है।




चुनाव के बाद शनिवार को मीडिया से रूबरू होते साहित्य अकादमी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष माधव कौशिक और उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुमुद शर्मा। • हिन्दुस्तान

## सकारात्मक सोच लानी होगी:मेघवाल

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के सबसे बड़े साहित्योत्सव का शनिवार को विधिवत उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमें समाज में एक ऐसी सकारात्मकता पैदा करनी है जिससे हमारा देश विकासशील की जगह विकसित राष्ट्र की पदवी पा सके।

उधर, साहित्य अकादमी के नवनियुक्त अध्यक्ष माधव कौशिक ने भी साहित्य अकादमी 2022 पुरस्कार अर्पण समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर कई रचनाकार सम्मानित किए गए।